तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 10 अक्टूबर 2024



13 किसान व सामुदायिक भवन का विधायक संदीप साहू ने किया लोकार्पण



14 गरबा, डांडिया और सुआ नृत्य में बच्चों के साथ थिरके विधायक साव



## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

# गरबा उत्सव में झलकी छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति

## सुवा नृत्य देखने पहले ही दिन उमड़ा जन सैलाब, दिखा अलौकिक संस्कृति का नजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नृत्य कला, संस्कृति और अपने लोक पारंपरिक पर्वों को सहेजकर रखने वाले छत्तीसगढ़ की संस्कृति भारत ही नहीं, अपितु विश्व के हर कोने में एक अलग ही पहचान बना चुकी है। ऐसा इसलिए की आज भी यहां के लोग अपनी पुरखों की दी हुई नृत्य रूपी बेशुमार दौलत को सहेजकर रखने का कार्य किया है। कुछ ऐसा ही अलौकिक संस्कृति का नजारा देखने को मिला।

एक तरफ प्रतिभागियों की नैनाभिराम प्रस्तुति, तो दूसरी तरफ दर्शकों की उत्साह भरे तालियों की गड़गड़ाहट ने पूरे वातावरण को छत्तीसगढ़ी संस्कृति से आलोकित कर दिया। सुवा नृत्य को देखने हर उम्र के युवा बालक-बालिकाओं सहित छोटे छोटे बच्चे देर रात अपनी जगह से बंधे रहे।

आयोजक सिद्धेश्वर युवा मंच के संरक्षक हितेंद्र ठाकुर, गोपी साहू, रोहित साहू, मनीष चंद्राकर, सिद्धेश्वर युवा मंच के अध्यक्ष सौरव वर्मा, पिंटू वर्मा, हर्षू वर्मा, शिवम मिश्रा, साधराम साहू, शेरखान, रज्जू, रश्मि ठाकुर, वंदना चंद्राकर, सीमा वर्मा, किरण साहू, माहेश्वरी बंजारे, ममता कन्नौजे, पुनीत रजक, हयात खान, हर्षवर्धन वर्मा, नितिन वर्मा, हितेश देवांगन, गोलू वर्मा, पुनीत रजक, राघव रजक, नवीन साहू, डीगेश सहित पूरे युवा मंच के साथियों का भरपूर सहयोग रहा।



### 250 बालिका प्रतिभागियों ने सुवा गरबा में हिस्सा लिया

सिद्धेश्वर युवा मंच द्वारा आयोजित दो दिवसीय गरबा महोत्सव के प्रथम दिवस पारंपरिक सुवा नृत्य में लगभग 250 बालिका प्रतिभागियों ने सुवा गरबा में हिस्सा लिया। सभी छत्तीसगढ़ का लोक नृत्य सुवा, करमा, ददरिया और पंथी गीत की धुनों पर जमकर थिरके। जिसे देखने पलारी नगर सहित आस पास गांव के लोगों का तांता लगा रहा। भीड़ इतनी अधिक रही की पूरा शांति स्टेडियम का मैदान छोटा पड़ता दिखाई देने लगा।

## कार्रवाई : टूटे आभूषणों दिखने पर इनाम देने का झांसा देकर करते थे ठगी

# अंतर्राज्यीय ठग गिरोह का भंडाफोड़, 8 महिलाओं सहित 14 सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सोना-चांदी का टूटा हुआ गहना हो तो उसका हम फोटो खींचकर हमारी कंपनी से प्रचार करवाएंगे और आपको गहना वापस कर कंपनी की तरफ से कुछ इनाम भी देंगे। इस तरह की बात कहकर अंचल में सक्रिय गिरोह की महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा ठगी की घटनाओं को अंजाम देने का सनसनीखेज मामला उजागर हुआ है। पुलिस ने इस ठगी गिरोह के 14 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है, जिसमें 6 पुरुष तथा 8 महिलाएं शामिल हैं।

घटना के बारे में प्रार्थी चंद्रकुमार वर्मा द्वारा थाना लवन में रिपोर्ट दर्ज करायी गई, कि 1 अक्टूबर दोपहर में उनकी पत्नी घर में अकेली थी, तब दो अज्ञात महिला घर में आई और उनसे कहा कि घर में अगर टूटा हुआ जेवर हो तो दिखाने के लिए बोली।

जिस पर मेरी पत्नी द्वारा सोना, चांदी के जेवरात तथा चांदी का सिक्का अज्ञात दोनों महिलाओं को दे दिया। यह सब सामान लेकर दोनों महिलाएं चली गई, लेकिन गहने वापस करने नहीं आई।

बाद में पता चला कि गांव के ही एक अन्य घर में भी कुछ दिन पूर्व उक्त महिलाओं द्वारा इसी प्रकार से ठगी कर सोने चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए थे। शिकायत पर थाना लवन में धारा 318(4),3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### ग्रामीण इलाकों में घर में अकेली महिला देख बनाते थे शिकार



### 2 लाख का सोना-चांदी और 22 मोबाइल जब्त

इस अंतर राज्यीय गिरोह द्वारा थाना लवन क्षेत्र अंतर्गत कुल 6 सिलसिलेवार ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया गया। आरोपियों से 2 लाख रुपए के कीमत सोना-चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम 10 हजार बरामद करने में सफलता मिली है। साथ ही आरोपियों से कुल 22 मोबाइल भी जब्त किया गया है। प्रकरण में सभी आरोपियों को मंगलवार गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### इनाम का लालच देकर करते थे ठगी

प्रकरण में थाना लवन, साइबर सेल एवं सिटी सर्विलांस की पुलिस टीम द्वारा सतत छानबीन एवं गहन जांच विवेचना करते हुए सूने घरों में जाकर महिलाओं से बात करते हुए उन्हें इनाम देने का लालच देकर सोने चांदी के जेवरों की ठगी करने वाले एक अंतराज्यीय गिरोह का पता लगाया। पुलिस टीम ने तत्काल इस गिरोह के सदस्यों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें आरोपियों द्वारा जिले में महिलाओं से ठगी कर सोने चांदी के जेवर ठगी करना स्वीकार किया।

## गुरुदर्शन मेले की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर और एसपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पलारी विकासखंड के ग्राम तेलासी गुरुदर्शन मेले के लिए की जा रही प्रशासनिक तैयारियों का कलेक्टर दीपक सोनी और एसपी विजय अग्रवाल ने जायजा लिया। बाबा गुरु घासीदास की कर्मभूमि तेलासीबाड़ा में आगामी 12 अक्टूबर को गुरुदर्शन मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें हजारों की संख्या में प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित अन्य प्रदेशों से श्रद्धालु यहां जुटते हैं। कलेक्टर–एसपी ने विभिन्न स्थलों को दौरा करके बारीकी से व्यवस्था से संबंधित विषयों पर विचार–विमर्श किया। प्रमुख रूप से उन्होंने मंदिर परिसर, बाड़ा, जैतखाम, पार्किंग एरिया, सुरक्षा, लाइटिंग, हाईमास्क, पेयजल की व्यवस्था आदि का स्थल निरीक्षण किया और पुराने अनुभवों के आधार पर इससे और अच्छी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विभिन्न विषयों पर मेला प्रबंधन से जुड़े लोगों से भी विचार–विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए हेलीपैड तैयार करने कहा गया है। सफाई व्यवस्था को पहले बेहतर करने के निर्देश सीएमओ पलारी एवं जनपद सीईओ पलारी को दिए हैं। इस अवसर पर मेले समिति से जुड़े सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, एसडीएम सीमा ठाकुर, एसडीपीओ कौशिक, तहसीलदार कंवर सहित तैयारी से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## 10 और 20 के नोटों कमी से व्यापारी होने लगे परेशान

**पलारी**। इन दिनों बाजार से 10 और 20 के नोट गायब हो गए है। इक्का दुक्का ही 10 और 20 की नोट दिखाई दे रही हैं। इस वजह से दुकानदार और ग्राहक दोनों ही परेशान हैं। नकद लेन देन करने वालों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जहां चिल्हर के चक्कर में दुकानदार अपना सामान नहीं बेच पा रहा है और न ही ग्राहक सामान खरीद कर पा रहा है। पटेल बुक डिपो संचालक गौकरन लाल पटेल ने बताया कि 10 और 20 के नोट बहुत कम आ रहे है। इस चक्कर में ग्राहक से दो चार होना पड़ता है, ग्राहक 10, 20 का सामान खरीदी करते हैं और सिधे ▶▶ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### अपेरा कार्यक्रम देखने गए दंपत्ति से मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम पथरला में चल रहे अपेरा कार्यक्रम देखने गए एक दंपत्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को गांव की ममता भोई ने बताया कि 8 अक्टूबर को वह अपने पति अशोक कुमार भोई के साथ गांव में हाई स्कूल के पास अपेरा कार्यक्रम देखने गई थी। रात करीब 11 बजे गांव के अरूण प्रधान पिता छोटेलाल प्रधान, मनोज प्रधान पिता हिरण प्रधान, देवकांत प्रधान पिता अरूण प्रधान, सूर्यकांत प्रधान पिता अनिल प्रधान निवासी पथरला ने एक राय होकर गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट किए, जिससे महिला के पति के बाएं हाथ, माथे व सीने में चोट लगी है। वहीं मारपीट करने से मना करने व बीच बचाव करने पर महिला के साथ भी हाथ मुक्का से मारपीट की गई। बसना थाने में मामले को लेकर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### युवक और उसके भाई के साथ मारपीट

**महासमुंद**। स्टेशन रोड में एक युवक और उसके भाई के साथ चार लोगों ने मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को हिमांशु चंद्राकर पिता शैलेंद्र चंद्राकर निवासी स्टेशन रोड ने बताया कि 6 अक्टूबर की शाम लगभग 4 बजे घर के सामने अपनी कार में बैठकर मुख्य सड़क पर पहुंचकर गाड़ी रोका था, तभी मेरे पीछे खड़ी कार क्रमांक सीजी 04 एलवी 5006 में सवार चार व्यक्ति गाड़ी से उतरे और मेंरे कार के पास आकर कहने लगे कि गाड़ी चलाना नहीं आता क्या कहकर मुझे कार से खींचकर बाहर निकाला और सिर, पीठ, हाथ व कोहनी और छाती में मारपीट करने लगे। इनमें लाल शर्ट पहने व्यक्ति ने जान से मार दूंगा कहकर अपने हाथ से मेरा गला दबा दिया था ।

## अवैध शराब बरामद एक युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

करहीबाजार में पुलिस ने अवैध रूप से देशी मशाला शराब की बिक्री करने वाले युवक को आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। शराब कोचियों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी करहीबाजार द्वारा आरोपी पवन कुमार गिठोरे 25 वर्ष के मकान ग्राम ओटेबंद में घेराबंदी कर अवैध रूप से देशी शराब बिक्री करते गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक काला रंग के बैग में रखें 3300 कीमत मूल्य का 30 पौवा कुल 5.400 बल्क लीटर ▶▶ शेष पेज 13 पर



## शिक्षक के घर से नकदी सहित एलईडी और सिलेंडर ले गए चोर

**पलारी**। सुनेपन का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोर ने शिक्षक के घर का ताला तोड़कर एक एलईडी टीवी, तीन भरा हुआ सिलेंडर, 50 किलो श्रीराम चावल सहित आलमारी का लाकर तोड़कर उसमें रखे 5000 रूपये पार कर दिया। पीड़ित शिक्षक ने बताया कि वह 2 अक्टूबर को अपने भतीजी को बीएड में प्रवेश दिलाने जगदलपुर चला गया था, 4 अक्टूबर को करीब रात 10 बजे घर आया तो चैनल गेट का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर प्रवेश कर जांच किया तो, एलईडी टीवी, तीन सिलेंडर, चावल तथा आलमारी से नगदी गायब थे। पीड़ित शिक्षक ने ▶▶ शेष पेज 13 पर



## भाजपा सदस्यों ने उद्योग मंत्री डॉ. लखनलाल देवांगन से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश सरकार के उद्योग वाणिज्य और श्रम मंत्री डॉ. लखन लाल देवांगन से भाजपा नेता टेसूलाल धुरंधर, भाजपा विधि प्रकोष्ठ धनंजय साहू, पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव एवं भाजयुमो नेता प्रणव अवस्थी ने रायपुर निवास में सौजन्य मुलाकात कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। चर्चा के दौरान मंत्री डॉ. लखनलाल देवांगन ने बताया कि पिछली कांग्रेस सरकार उद्योग नीति में पूरी तरह विफल थी। ▶▶ शेष पेज 13 पर



## महाविद्यालयीन स्पर्धा में बलौदाबाजार और महासमुंद सेक्टर की 8 टीमों ने लिया हिस्सा

# महिला वालीबॉल प्रतियोगिता में कोहका बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर के राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में परिक्षेत्र स्तरीय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बलौदाबाजार महासमुंद सेक्टर की 8 टीमों ने भाग लिया, जिसमें पहला मैच शासकीय महाविद्यालय सोनाखान एवं शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा के मध्य हुआ, जिसमें सोनाखान विजयी रहा। द्वितीय मैच शासकीय महाविद्यालय भाटापारा एवं शासकीय महाविद्यालय कोहका तिल्दा के बीच खेला गया, जिसमें कोहका विजयी रहा। तृतीय मैच शासकीय डीके महाविद्यालय बलौदाबाजार एवं शासकीय महाविद्यालय सिमगा के मध्य खेला गया, इसमें डीके बलौदाबाजार विजयी रहा। पहला सेमी फाइनल सोनाखान एवं डीके बलौदाबाजार के मध्य खेला गया, जिसमे सोनाखान जीत के साथ फाइनल में प्रवेश कर पहला टीम बनी। दूसरा फाइनल मैच कोहका (तिल्दा) एवं महासमुंद के मध्य हुआ, जिसमें कोहका विजयी रहा। फाइनल मुकाबला कोहका एवं सोनाखान के मध्य हुआ जिसमें कोहका विजयी रहा एवं फाइनल जीतकर सेक्टर विजयी रहा। सोनाखान रनर अप टीम बनी। इस प्रतियोगिता की शुरुआत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने सरस्वती माता की आरती एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालय से उपस्थित क्रीड़ा अधिकारी डॉ. बी. साहा, भुनेश्वर राय, जीतेन्द्र यादव, डॉ. पुरनेन्द्र वर्मा, डॉ. सुलेखा, दिलीप लहरे एवं महाविद्यालय से क्रीड़ा अधिकारी प्रिया, डॉ. बीरु लाल बरगाह, आशीष, विकास रात्रे, डॉ. संजोगीता तिवारी, सुनीता साकेत, अर्चना कुजूर, श्वेता, विक्रम साहू, अतिथि व्याख्याता डॉ. हरीश साहू, संगीता, अंकिता, पुनिता, आभा, आकाश सोनी, स्वाति सोनी, ज्योति तथा महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्तिथत थीं।



## मुंडा के बाजार चौक में जगराता 11 को

**मुंडा**। शारदीय नवरात्रि पर ग्राम पंचायत मुण्डा में बाजार चौक, आजाद चौक, बस्ती पारा एवं उपसरपंच गजेंद्र वर्मा के घर के सामने आदि शक्ति मां दुर्गा की भव्य मूर्ति की स्थापना की गई है। दुर्गा पंडालों में समितियों द्वारा झांकी जगराता व अन्य कार्यक्रम कराया जा रहा है। बस्ती पारा आजाद चौक में नवरात्रि के छठवा दिन आदर्श झांकी परिवार मल्लीन द्वारा भव्य झांकी कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसी तरह 11 अक्टूबर नवमीं के दिन रात्रि 8 बजे से उप स्वास्थ्य केंद्र बाजार चौक के पास छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक, भागवत वर्मा, गोपाल श्याम साहू, परमेश्वर साहू एवं दुर्गा समिति के तत्वावधान में जय सीता राम मानस मंडली धमनी का जगराता कार्यक्रम रखा गया है।

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

**खबर संक्षेप**

### वनमंत्री के ओएसडी बने काण्डे

**रायपुर।** प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित केएन काण्डे को वन एवं जलसंसाधन, कौशल विकास और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहकारिता विभाग के जारी आदेश के तहत श्री काण्डे को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ वन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग मंत्री के निजी स्थापना में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### 25 सौ वर्गफीट में बनेगा महतारी सदन, 179 की स्वीकृति



**रायपुर।** प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामाजिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के प्रयास से 179 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है। उपमुख्यमंत्री श्रीशर्मा ने कहा कि न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकिल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी का आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश की ग्राम पंचायतों में महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि 29.20 लाख रुपए होगी। उक्त कार्य महतारी सदन योजना के बजट से 24.70 लाख तथा स्वच्छ भारत मिशन के बजट से 4.50 लाख के अभिसरण से किया जाएगा। 179 महतारी सदन के लिए 52 करोड़ 20 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

### चंद्रभूषण फिर बने उत्तर भारत समाज के अध्यक्ष



**रायपुर।** उत्तर भारत समाज कल्याण समिति टाटीबंध हीरापुर में चुनाव की प्रक्रिया में कांटे की टक्कर के साथ उत्तर भारतीय सदस्यों ने अपने बहुमूल्य मतों से चंद्रभूषण शर्मा को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद के लिए पुनः जीत दिलाई। सुबह से ही चुनाव की प्रक्रिया चल रही थी, जिसमें काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। श्री शर्मा ने अध्यक्ष पद के कार्यकाल में छठ पूजा के साथ भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण चुईयां तालाब में कराया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर भारत समाज हमेशा से समरसता को प्राथमिकता देते चल रहा है और युवाओं के लिए रोजगार के साधन तथा नशामुक्ति अभियान को लेकर भी जागरूकता उपलब्ध कराने के लिए भी दृढ़ संकल्पित है।

# सरेंडर हुए 21 अहातों का टेंडर कल खुलेगा, इस बार 6 महीने के लिए बोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

*रायपुर जिले में ठेकेदारों द्वारा सरेंडर किए गए 21 अहातों का टेंडर 10 अक्टूबर को दोबारा खोला जाएगा। इसके लिए 7 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। हालांकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के 6 महीने खत्म हो चुके हैं, इसलिए इन अहातों को अब सिर्फ 6 महीने के ठेके पर दिया जाएगा। पिछली बार हुए टेंडर के दौरान विभाग द्वारा निर्धारित राशि की तुलना में लोगों ने बढ़-चढ़कर ऊंची बोली लगाई थी, जिसके कारण अहाते तय बोली से दो से तीन गुना अधिक कीमत पर गए थे। यही कारण है कि ठेकेदारों को बाद में अहाता लेना घाटे का सौदा लगने लगा था, क्योंकि अहाता से होने वाली कमाई से लागत राशि भी निकलना मुश्किल हो गया था।*

हरिभूमि फॉलोअप

### इन अहातों के लिए खुलेगा टेंडर

- देशी गंजपारा कम्पोजिट
- देशी मोवा पंडरी
- देशी कम्पोजिट नेवरा
- देशी खरोरा
- देशी आरंग
- विदेशी सिलतरा
- कम्पोजिट गुल्लू
- विदेशी कुर्रा गुढ़ियारी
- देशी कम्पोजिट ग्राम टंडवा बैकुंठ
- देशी कम्पोजिट लखौली
- विदेशी लालपुर
- देशी रिंग रोड नं.2
- विदेशी जीई रोड
- विदेशी रायपुरा
- विदेशी सरोना मार्ग रायपुरा
- देशी सिलतरा
- विदेशी खरोरा
- विदेशी मंदिर हसौद
- विदेशी डूमरतराई पचपेड़ी नाका
- देशी कम्पोजिट उरला रायपुर
- देशी मदिरा माना

### 6 महीने का ठेका इसलिए कीमत भी कम

*विभाग ने पिछले बार 11 महीने के लिए अहाता का टेंडर निकाला था। इस बार 6 वितीय वर्ष के 6 महीने बीत चुके है, इसलिए अब 6 महीने के लिए टेंडर निकाला गया है। महीना कम होने के कारण विभाग ने महीने के हिसाब से टेंडर की राशि भी कम कर दी गई है। इसके अनुसार ही आवेदक बोली लगाएंगे। हालांकि पिछले बार महंगे में अहाता खरीदने की जो गलती ठेकेदारों ने की थी उससे सबक लेते हुए इस बार लोग निर्धारित बोली से ज्यादा कीमत लगाने से बचेंगे।*

### 6 महीने के लिए टेंडर

6 महीने के लिए सरेंडर 21 अहातों का रीटेंडर निकाला गया है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 7 अक्टूबर तक मंगाए गए थे। 10 तारीख को टेंडर ओपन किया जाएगा। जिसकी बोली सबसे अधिक होगी, उसे ठेका मिलेगा।

- विकास गोस्वामी
उपायुक्त
आबकारी विभाग रायपुर

### 94 लाख 47 हजार में गया था 31 लाख 15 हजार का गंजपारा अहाता

रायपुर शहर का गंजपारा स्थित देशी कम्पोजिट अहाता का विभाग ने 31 लाख 15 हजार रुपए तय किया था जो बोली के बाद 94 लाख 47 हजार रुपए में गया था। यह अहाता जिले में सबसे महंगा बिका था। इसी तरह अन्य अहाते भी तय बोली से दो से तीन गुना अधिक कीमत पर गए थे। ठेकेदारों ने अहाता महंगा तो ले लिया, लेकिन जब अहाता संचालन से कमाई शुरू हुई तो उसे देखकर ठेकेदारों के पसीने छूटने लगे। ठेकेदारों ने अनुमान लगाया था कि अहाता से उन्हें लागत से दो से तीन गुना कमाई होगी, लेकिन जब अहाता के प्रतिदिन की कमाई आने लगी तो ठेकेदारों को अहसास होने लगा कि उन्होंने महंगा आहत खरीदकर बड़ी गलती कर दी है।

तक्षशिला लाइब्रेरी में बच्चों के साथ बैठकर फरा-चटनी का लिया स्वाद

# लाइब्रेरी, बीपीओ और इनक्यूबेशन सेंटर में युवाओं के बीच पहुंचे डिप्टी सीएम साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने मंगलवार को रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के कार्यों का निरीक्षण किया। वे घड़ी चौक के पास मल्टी-लेवल पार्किंग में संचालित बीपीओ सेंटर, मोतीबाग के पास तक्षशिला स्मार्ट रीडिंग जोन पहुंचे। बच्चों के साथ बैठकर उन्होंने फरा चटनी का स्वाद लिया। मल्टी-लेवल पार्किंग में संचालित इनक्यूबेशन सेंटर में युवाओं से मिलकर उनकी पढ़ाई-लिखाई का हाल पूछा। ट्रैफिक नियंत्रण और सर्विलेंस के लिए स्थापित इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमॉन्ड सेंटर तथा भाठागांव बसस्टैंड में विकसित किए जा रहे को-वर्किंग प्लेस का भी निरीक्षण किया।

नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने राजधानी की मल्टी-लेवल पार्किंग में संचालित बीपीओ सेंटर भ्रमण के दौरान वहां प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से मुलाकात की। इस दौरान श्री साव ने बीपीओ में काम कर रहे युवाओं से कार्य अनुभव और करियर के बारे में पूछा। मंत्री अरुण साव ने हायर सेकंडरी स्कूल के बच्चों और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए संचालित कोचिंग-क्लास का अवलोकन किया। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह और कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की मौजूदगी में 10 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपा।

### तक्षशिला में कैंटीन की व्यवस्था देखी

श्री साव ने तक्षशिला स्मार्ट रीडिंग जोन और लाइब्रेरी का भ्रमण कर विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने लाइब्रेरी में संस्कृति स्वसहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन की व्यवस्था देखी। यही नहीं कैंटीन में बच्चों के साथ बैठकर फरा-चटनी, सैंडविच और कुल्हड़ में चाय का स्वाद भी लिया। इस दौरान उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि, रूचियों, करियर और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी चर्चा की। श्री साव ने जयस्तंभ चौक के पास मल्टी-लेवल पार्किंग में संचालित इनक्यूबेशन सेंटर 'आरंभ' का भी अवलोकन किया। वे यहां ई-कॉमर्स, स्टार्ट-अप और ई-मार्केटिंग का प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से मिलकर उनके कार्यों से अवगत हुए।

# हरियाणा की जीत पर भाजपा ने जलेबी खाकर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत और लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी पर राजधानी में भाजपा नेताओं ने जबर्दस्त जश्न मनाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर और एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर, ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य और जयघोष करके विजय जुलूस निकाला। भाजपा नेताओं ने एक-दूसरे को जलेबी खिलाकर भी जीत का जश्न मनाया। भाजपा नेताओं ने जम्मू-कश्मीर में भाजपा के बेहतर प्रदर्शन को भाजपा के प्रति बढ़ते जन विश्वास का परिचायक बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने हरियाणा के चुनाव नतीजों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, लगातार तीसरी बार हरियाणा की जनता-जनार्दन ने भाजपा के प्रति अपना अगाध विश्वास व्यक्त किया है। एक्जिट पोल को लेकर अति उत्साही कांग्रेसियों को हरियाणा के एक्जेक्ट पोल ने आईना दिखा दिया है। इन नतीजों के जरिए हरियाणा ने कांग्रेस के संविधान और आरक्षण को लेकर दोहरे राजनीतिक चरित्र पर सीधी चोट की है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने हरियाणा की जनता के हम आभारी हैं कि उसने प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पर विश्वास किया, जिसकी वजह से हरियाणा में कुशासन, अन्याय, अत्याचार, आतंक और भ्रष्टाचार के कांग्रेसी मंसूबे धराशायी हुए हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हरियाणा के चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर हरियाणा समेत देश की जनता को बधाई देते हुए कहा, हरियाणा के हर वर्ग में कांग्रेस के प्रति भारी अविश्वास है, जिसका असर चुनाव परिणाम में दिखा है। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, जातिवाद और साम्प्रदायिक तुष्टीकरण का जहर फैलाने में लगी कांग्रेस ने जिस दोहरे राजनीतिक चरित्र का प्रदर्शन करके देश को अराजकता की दिशा में धकेलने का जो षड्यंत्र रचा था, हरियाणा की जनता ने उसका करारा जवाब कांग्रेस को दे दिया है।

## सौरभ बोले- ठगी का भगोड़ा घोषित आरोपी से अपने रिश्तों का खुलासा करें भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के रायपुर संभाग प्रभारी सौरभ सिंह ने कहा, कांग्रेस के आपराधिक चेहरे लगातार उजागर हो रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी ठगी के आरोपित के भगोड़ा घोषित होने के मद्देनजर श्री सिंह ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को उक्त आरोपी से अपने रिश्तों को सार्वजनिक करना चाहिए। कांग्रेस शासनकाल में न केवल प्रदेश के खजाने में डाका डाला गया, हजारों करोड़ रुपए के घपले-घोटाले करके प्रदेश की जनता का हक मारा गया, बल्कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को राजनीतिक संरक्षण देकर लूट मचाने की खुली छूट दी गई। श्री सिंह ने कहा, 15 करोड़ रुपए की ठगी करके और उसका पुत्र फरार हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का इस ठग के साथ क्या रिश्ता था, यह जानने का अधिकार पूरे प्रदेश को है, क्योंकि ठगी का यह आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के लिए विशेष पूजा-पाठ करता था और इसी कारण बघेल का अक्सर उसके बिलासपुर स्थित निवास में आना-जाना लगा रहता था। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के अलावा सरकार से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण लोगों के संपर्क में भी वह था। भगोड़ा घोषित पर 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है।

## संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में कुप्रशासन अव्यवस्था, सालभर लागू रहेगी धारा 52

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर के क्रियाकलापों में कुप्रशासन अव्यवस्था, आंतरिक विवाद एवं समन्वय के अभाव में स्वस्थ शैक्षणिक एवं प्रशासनिक वातावरण का अभाव पाया गया है। यही नहीं जन साधारण एवं छात्रों की दृष्टि में विश्वविद्यालय के प्रति विश्वसनीयता में गिरावट आई है। यह मानना है राज्य सरकार का। इसी वजह से इस विश्वविद्यालय में सरकार ने एक साल के लिए धारा 52 लगा दी है। इस विश्वविद्यालय में कुलपति एवं कुलसचिव भी विवादित हुए थे, उन्हें भी कुछ समय पर सरकार ने हटाया था। इस संबंध में राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि विश्वविद्यालय में ऐसी परिस्थिति निर्मित हो गई है जिससे संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय का प्रशासन उक्त विश्वविद्यालय के हितों के अपाय किए गए बिना, छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1972 की धाराओं के उपबंधों के अनुसार नहीं चलाया जा सकता और यह कि ऐसा करना विश्व विद्यालय के हितों के समीचीन है।

# नर्सिंग प्रवेश, एक के पीछे दस का नियम, मिला चार सीट पर एक कैंडिडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हर साल की तरह इस बार भी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 50 फीसदी न्यूनतम अंक वाले उम्मीदवारों का टोटा नजर आ रहा है। बीएससी प्रवेश के स्ट्रे राउंड के लिए 4904 सीटे खाली हैं, जिसके लिए सूची में 1292 उम्मीदवार हैं और सूची के आधार पर 10 अक्टूबर तक एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार मॉपअप राउंड के बाद रिक्त सीटों में भर्ती के लिए एक सीट के पीछे दस उम्मीदवार प्रावीण्य सूची के अनुसार दिया जाना होता है। बीएससी में एडमिशन के लिए अभी पचास प्रतिशत न्यूनतम अंक का नियम लागू है और उपलब्ध सूची में नाम के अनुसार चार सीटों के पीछे एक उम्मीदवार मिल रहे हैं। राज्य में बीएससी की 7631 सीट है, जिसमें से 2717 में प्रवेश हो पाया है। अगले दो दिन में कुछ और एडमिशन होने का अनुमान है। इसके बाद रिक्त सीटों के लिए योग्य उम्मीदवार की तलाश में प्रवेश परीक्षा में जीरो परसेंट से पास होने वालों को भी एडमिशन देने का नियम लागू करने आईएनसी को पत्र व्यवहार किए जाने का दौर शुरू होगा।

- बीएससी की 4904 सीट खाली, सूची में 1292 उम्मीदवार, 10 तक एडमिशन

### एमएससी, पोस्ट बेसिक में भी आधे


चिकित्सा शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एमएससी नर्सिंग की अभी 434 सीटें खाली हैं, जिसके लिए पात्र उम्मीदवारों की संख्या 120 है। पोस्ट बेसिक नर्सिंग की 286 सीटों की तुलना में पात्र उम्मीदवारों की संख्या केवल 46 है। इन विषयों की सीट बड़ी संख्या में खाली रहने का अनुमान है।

# तत्पर-बीआरटीएस की साढ़े चार साल बाद बढ़ीं 3 बसें, फिर भी 30 में 16 ही चल रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर से नवा रायपुर के मध्य यात्रियों को सुविधा देने के लिए एनआरडीए द्वारा तत्पर-बीआरटीएस अंतर्गत लाल रंग की एसीयुक्त सिटी बसें चलाई जा रही हैं। इन बसों में साढ़े चार साल के बाद 3 बसों की वृद्धि की गई है, जिससे यात्रियों को भीड़ से थोड़ी राहत मिली है, लेकिन जानकर हैरानी होगी कि इस रूट पर 30 बसों के संचालन का टेंडर हुआ था, इसके तहत बसों की खरीदी भी की गई थी। शुरुआती कुछ वर्षों तक इस रूट में 30 बसों का संचालन भी किया जा रहा था, जिससे यात्रियों को हर 15 मिनट के अंदर बस हर स्टॉपेज पर मिल जाती थी, लेकिन मार्च 2020 के बाद से इस रूट पर सिर्फ 13 बसें ही संचालित की जा रही थीं, जिससे यात्रियों को आधे घंटे में बस मिल पा रही है। इसके कारण यात्रियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बसों में सीटों की क्षमता से ज्यादा यात्रियों को चढ़ाया जा रहा था, जिससे कईयों को खड़े होकर सफर करना पड़ता था। तत्पर-बीआरटीएस के कुछ कर्मचारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि शहर में पिछले साढ़े चार साल से 13 बस ही संचालित की जा रही हैं। ये बसें ही रायपुर से नवा रायपुर के बीच फेरे लगा रही हैं, वहीं 17 बसें नवा रायपुर स्थित डिपो में खड़ी हैं। कर्मचारियों ने बताया कि पहले ज्यादा बसें चलती थीं, जिससे हर 15 मिनट में हर स्टॉपेज पर यात्रियों को बस मिल जाती थी, लेकिन कोरोना काल से बसों की संख्या आधे से कम होने के बाद से 30 मिनट के बाद यात्रियों को बस मिल रही है। कर्मचारियों ने बताया कि रायपुर-नवा रायपुर के बीच 3 बसें एक अक्टूबर से बढ़ाई गई हैं। इससे यात्रियों को भी राहत मिल रही है।

- शेल्टरों की स्थिति भी जस की तस, साढ़े चार साल से 17 बसें डिपो में खड़ी



### शेल्टरों की स्थिति में भी सुधार नहीं

बीआरटीएस बसों के लिए रायपुर से नवा रायपुर के तक 13 शेल्टर बनाए गए हैं। इन शेल्टरों में टिकट ऑपरेटर का केबीन से लेकर यात्रियों के बैठने के लिए व्यवस्था भी की गई है। इन शेल्टरों में टिकट लेने के बाद यात्रियों को शेल्टर के अंदर जाने के लिए डिजिटल एंट्री गेट भी बनाया गया था, जो खराब हो चुके हैं। इसके अलावा बसों का समय दर्शाने वाला डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड भी खराब पड़े हुए हैं। इसे भी अब तक सुधारा नहीं गया है।

### एनआरडीए अधिकारी भी नजर अंदाज किए हुए

पिछले साढ़े चार साल तत्पर-बीआरटीएस की 30 में 13 बसे चल रही थी। इसकी जानकारी एनआरडीए विभाग के अधिकारियों को होने के बावजूद इसे नजर अंदाज किए हुए हैं। अधिकारियों की लापरवाही के कारण बसों के संचालन का ठेका लेने वाली एजेंसी द्वारा भी मनमाने रूप से बसों का संचालन किया जा रहा है।

### अंतर्जातीय विवाह करने वालों को धोबी समाज ने दी मान्यता

**रायपुर।** धोबी समाज द्वारा नातिन धोबिन दाई परिसर में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अंतर्जातीय विवाह करने वालों को धोबी समाज ने मान्यता दी। यह जानकारी समाज के प्रादेशिक प्रवक्ता अमन निर्मलकर ने देते हुए बताया कि अंतर्जातीय विवाह करने वाले जोड़ों ने समाज में शामिल होने के लिए विधिसम्मत तरीके से समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर को आवेदन दिया था, जिस पर प्रदेश समाज ने सभी अंतर्जातीय विवाह करने वाले जोड़ों के लिए प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर के नेतृत्व में समिति गठित कर बिंदुवार जांच कराई। इस मौके पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा, समाज के अपनों को समाज से दूर अधिक दिनों तक नहीं रखा जा सकता, क्योंकि समाज के ही संतान हैं ये और जितने लोग भी विधिसम्मत आवेदन देंगे, उन सबको शामिल किया जाएगा, मगर समाज में किसी प्रकार से पदाधिकारी नहीं बन सकते और न ही समाज के आयोजन में अतिथि बन सकते हैं।

अब कंप्यूटर में दिखेगी हर बारीक चीज

# 2 साल बाद स्टेशन में लगी सामान जांच की स्कैनर मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



राजधानी के रेलवे स्टेशन में दो सालों के बाद यात्रियों के बैग जांच करने की स्कैनर मशीन लगी है, जिसके बाद अब यात्री ट्रेन में अपने साथ प्रतिबंधित चीजें नहीं लेकर जा सकते। पूर्व में लगी मशीन खराब हो चुकी थी। वर्तमान में नई मशीन प्लेटफार्म 1 के बाद बाहर प्रवेश द्वार पर लगाई गई है। जानकारी मुताबिक यह पुरानी से ज्यादा आधुनिक है। इसकी खासियत यह है कि स्कैन होते बैग में बारीक से बारीक सामान भी सिस्टम में दिखने लगते हैं। आरपीएफ व जीआरपी की तैनाती के अलावा चप्पे- चप्पे की निगरानी के लिए कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों में कैद होने वाली गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए आरपीएफ पोस्ट बिल्डिंग में मॉनिटरिंग कक्ष बनाए गए हैं। यहां लगेज स्कैनर मशीन का भी प्रावधान है। पूर्व में यहां मशीन लगी थी, लेकिन वह बाद में बिगड़ गई। अनुपयोगी होने के कारण मशीन को हटा दिया गया था। करीब दो सालों से यहां लगेज स्कैनर मशीन नहीं थी। अब जाकर आरपीएफ ने इसकी खरीदी की है। मशीन पहुंचने के बाद गेट क्रमांक तीन में स्टॉल भी किया गया। स्टाल होने के बाद मंगलवार से इस मशीन को चालू कर दिया गया है।

### बिना जांच के स्टेशन में प्रवेश के 4 रास्ते

मशीन लगाने के बाद भी बिना जांच से गुजरने स्टेशन में प्रवेश के लिए चार अन्य रास्ते भी है। मुख्य द्वार पर केवल आरपीएफ की मौजूदगी होती है, लेकिन वीआईपी गेट पर जांच की मशीन भी नहीं है और न जवान होते हैं। इसके अलावा एक्सीलेटर मार्ग के जरिए भी यात्री जांच से बचते हुए सीधे प्लेटफार्म में पहुंच रहे हैं। गुढ़ियारी से प्रवेश द्वार में भी दिन और रात के समय आरपीएफ और जीआरपी के जवान उपस्थित नहीं होते है। ट्रेनों में जवान स्काउटिंग के दौरान जांच कर रहे हैं।

### आरपीएफ ने 23 लाख में खरीदी मशीन

इस मशीन को आरपीएफ ने 23 लाख रुपये में खरीदा है। मशीन लगने से स्टेशन पहले से ज्यादा सुरक्षित हो गया है। बताया जा रहा है कि लगेज स्कैनर मशीन रायपुर के अलावा बिलासपुर, शहडोल, अनूपपुर समेत अन्य प्रमुख रेलवे स्टेशनों में लगाई जाएगी। जिसकी तैयारी भी चल रही है। रेलवे स्टेशन सार्वजनिक स्थल है। यहां इतनी बड़ी तादात में यात्री सफर करने के लिए पहुंचते हैं कि कोई भी बड़ी आसानी से प्रतिबंधित चीजों को लेकर जा सकता है। यही कारण है कि हर पल स्टेशन व यहां से छूटने और गुजरने वाली ट्रेनों में हर समय खतरा भी मंडराता है। लगेज स्कैनर मशीन ऐसे लोगों की पहचान करने में मदद करेगी।

# परिसीमन और आरक्षण की कार्यवाही समय सीमा में करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने एक बैठक ली। बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग और नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त परिसीमन और आरक्षण की कार्यवाही समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, परिसीमन और आरक्षण की प्रक्रियाएं चुनाव के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती हैं, जिससे समय पर और निष्पक्ष चुनाव कराया जा सके। नगर पालिकाओं में स्थानों के आरक्षण में वर्तमान स्थिति के साथ नगरीय निकायों राजनांदगांव, कवर्धा, कुम्हारी, बेमेतरा और तखतपुर में न्यायालय के स्थगन होने के कारण परिसीमन की जानकारी अप्राप्त होने पर चर्चा की गई।

### चुनाव तैयारियों पर चर्चा

बैठक में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन तथा भविष्य में होने वाले उप निर्वाचन के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले वाहनों हेतु किराये का दर के निर्धारण, निर्वाचन में नियुक्त प्रेक्षकों के मानदेय, आगामी आम एवं उप निर्वाचन 2024-25 के लिए निर्वाचन संचालन हेतु नियोजित शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये जाने वाले मानदेय दरे तथा वाहन किराये पर लेने हेतु वित्त विभाग की पूर्वानुमति से संबंधित भेजे गये प्रस्तावों जैसे अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

### सुधार के लिए उठाएंगे कदम

बैठक में चुनाव से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई, जिसमें राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें, ताकि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि हर पात्र मतदाता अपने मताधिकार का सही तरीके से प्रयोग कर सके। उन्होंने कहा, चुनावी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की नियमित समीक्षा की जाएगी और जरूरत पड़ने पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग करने पर जोर दिया।

# मेडिकल की डगर कठिन, 655 तक गया रायपुर में यूआर का स्कोर, कांकेर में 596 अंकों पर अंतिम एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले साल की तुलना में इस बार मेडिकल कालेज में एडमिशन लेने के लिए विद्यार्थियों को कुछ ज्यादा ही मेहनत करनी पड़ी। 720 अंक की प्रवेश परीक्षा में 655 अंक प्राप्त करने वाले अनारक्षित वर्ग के छात्र को ही रायपुर मेडिकल कालेज में सीट मिल सकी। शासकीय कालेज में अंतिम एडमिशन 596 अंकों पर कांकेर कालेज में हुआ। पिछले साल की तुलना में इस बार एडमिशन के लिए 66 नंबर ज्यादा लाने पड़े। यूआर के साथ ओबीसी सहित अन्य वर्ग को भी सरकारी कालेज में एडमिशन पाने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ी।

राज्य के छह शासकीय कालेजों में राज्य कोटे की निर्धारित सीटों पर एडमिशन हो चुका है। चार कालेजों में कुल पांच सीटें खाली है, जिसमें प्रवेश मॉपअप के साथ पूरा होगा। इस बार नीट में प्राप्तांक बढ़ने की वजह से काउंसिलिंग शुरू होने के पहले एडमिशन के लिए ज्यादा मेहनत करने वालों को सफलता मिलने का अनुमान विशेषज्ञों ने लगाया था। दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के बाद यह अनुमान पूरी तरह सही साबित हुआ। वर्ष 2023 की तुलना में इस बार नीट में 66 अंक ज्यादा लाने वाले को शासकीय मेडिकल कालेज में स्थान मिल पाया है। मेडिकल की पढ़ाई के लिए छात्रों के बीच आकर्षण का केंद्र रहने वाले शासकीय कालेज रायपुर में पिछले साल की तुलना में इस बार अंतिम सीट पर एडमिशन के लिए 44 अंक का अंतर नजर आया है। रायपुर कालेज में नीट में 655 अंक का स्कोर बनाने वाले को स्थान मिल पाया वहीं शासकीय कालेज कांकेर में न्यूनतम 596 अंक लाने वाले यूआर केटेगरी के विद्यार्थी ही अपनी जगह बना पाए।

## पिछले साल की तुलना में बढ़ी प्रतिस्पर्धा, विद्यार्थियों को जुटाने पड़े 66 नंबर अधिक

### ओबीसी का स्कोर 645

अनारक्षित वर्ग के साथ ओबीसी केटेगरी की सीट प्राप्त करने के लिए भी इस वर्ग के विद्यार्थियों को भी खासी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। रायपुर में ओबीसी का अंतिम स्कोर 654 रहा और एसटी वर्ग के विद्यार्थी के 572 अंक अर्जित करने वाले को अंतिम सीट मिल पाई। एसटी कोटे में 461 अंक लाने वाले ही जीएमसी रायपुर में सीट के हकदार बन सके।



### मॉपअप राउंड के लिए संस्था चयन आज से

दूसरे राउंड की प्रक्रिया पूरी होने के बाद एमबीबीएस और बीडीएस एडमिशन में पूर्व में किए गए संस्था चयन स्वतः शून्य हो गया है। मॉपअप राउंड में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को यह प्रक्रिया फिर से पूरी करनी होगी। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 9 से 13 अक्टूबर का वक्त तय किया है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद पूर्व में तय शेड्यूल के अनुसार 15 अक्टूबर को सीट अलॉटमेंट कर सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 16 से 21 अक्टूबर तक स्क्रूटनी और एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### सरकारी कालेज में अनारक्षित वर्ग का कटऑफ

| कालेज | इस बार | पिछली बार |
|---|---|---|
| रायपुर | 655 | 611 |
| बिलासपुर | 645 | 592 |
| नांदगांव | 635 | 561 |
| जगदलपुर | 647 | 571 |
| रायगढ़ | 622 | 564 |
| अंबिकापुर | 611 | 557 |
| दुर्ग | 609 | 548 |
| कांकेर | 596 | 530 |
| कोरबा | 597 | 536 |
| महासमुंद | 597 | 533 |

## खबर संक्षेप

### किसान संघ की जिला बैठक आज

**महासमुंद।** भारतीय किसान संघ जिले टीम की बैठक 10 अक्टूबर 02 बजे देव संस्कृति स्कूल में आहूत की गई है। जिसमें जिला कार्यकारिणी, ब्लाक से अध्यक्ष, मंत्री या सहमंत्री की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में जिला गठन में छूटे प्रभार पूर्ण करना, प्रांत स्तरीय सम्मेलन में जाने संबंधी, रसीद बुक जमा करना एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। उक्त जानकारी धनंजय साहू जिला मंत्री एवं कुबेर गिरि गोस्वामी जिला अध्यक्ष भाकिसं ने दी है।

### थल सेना के बारे में दी गई जानकारी

**महासमुंद।** स्थानीय फारेस्ट ग्राउंड में अग्निवीर प्रशिक्षण के बच्चों को भारतीय थल सेना दिवस के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान शहीद स्मारक खरोरा के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, प्रदीप नेवी सैनिक, नंदकिशोर सिन्हा, आरपी साहू, पूर्व सैनिक केएल सोनी, कनक राम निषाद, प्रदीप चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अंतर्गत मोहनमुंडा में हुआ कार्यक्रम

**सरायपाली।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक कार्यक्रम के तहत मोहनमुंडा में आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल विकास की सुपरवाइजर वर्षा अग्रवाल ने महिला बाल विकास सभापति जयंती पटेल की उपस्थिति में बालिकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मूल उद्देश्य लैंगिक भेदभाव महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, बालिकाओं के लिए शिक्षा का महत्व, स्त्रियों का परिवार समाज व राष्ट्र निर्माण महत्त्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में महिला बाल विकास सभापति जयंती पटेल मुख्य अथिति रही। गांव के सरपंच कमल प्रसाद, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनुसूया प्रभावती और समस्त केदुवा सेक्टर के कार्यकर्ता एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहे।

### यादव समाज के धरना-प्रदर्शन को समर्थन देने पहुंची विधायक चातुरी

**सरायपाली।** सर्व यादव समाज के धरना-प्रदर्शन को समर्थन देने विधायक चातुरी नंद कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, विकास कार्यो में रोड़ा अटकाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान सरायपाली में कई समाज के सामाजिक भवनों के लिए राशि स्वीकृत की गई थी। परंतु, कई जगह निर्माण कार्यों में रोड़ा अटकाया जा रहा है तो कई जगह स्थल परिवर्तन किया जा रहा है, जिससे समाज के लोगों में शासन प्रशासन की कार्यशैली से भारी नाराजगी है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और भाजपा नेताओं पर भूफियाओं को संरक्षण देकर जमीन का अफरा तफरी का सनसनीखेज आरोप भी लगाया। विदित हो कि सर्व यादव समाज द्वारा सामाजिक भवन निर्माण को पूर्ण नहीं करने का आरोप लगाते हुए कई महीनों से ज्ञापन सौंपा जा रहा है तथा अधिकारियों से लिखित शिकायत भी किया गया है। परंतु, कोई कार्रवाई नहीं होने से धरना देना पड़ रहा है।

## रेकी के बाद बनाते थे योजना

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के मास्टर माइंड सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ कुशाभाऊ ठाकरे एवं श्रीराम हेरिटेज कालोनी के सूने मकानों में दिया था वारदात को अंजाम

रेकी करने के बाद योजना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के मास्टर माइंड सहित दो लोगों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने सितंबर में शहर के कुशाभाउ ठाकरे एवं श्रीराम हेरीटेज कटोरा तालाब कालोनी के सूने दो मकानों में वारदात को अंजाम देकर नकदी, सोने-चांदी के जेवरात सहित लाखों रुपए की चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की सामग्री के साथ 1 पिस्टल, 3 जिंदा कारतूस, 2 मैग्जीन, चाकू-कटर सहित वारदात में प्रयोग की गई स्कूटी और कार जब्त की है।

सिविल लाइंस स्थित पुलिस कंट्रोलरूम में चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सिविल लाइंस थाना में प्रार्थी हनुमान प्रसाद दुबे ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका श्रीराम हेरीटेज कटोरा तालाब में मकान है। 28 सितंबर को वह घर पर ताला लगाकर बाहर गया हुआ था। शाम को घर की नौकरानी की सूचना पर जब वह घर पहुंचा, तो घर का कुंदा टूटा हुआ था और उसके घर की अलामारी में रखे 1 लाख 82 रुपए चोरी हो गए थे। इस दौरान चोर उसके पड़ोसी सुरेश बिजलानी के घर का भी ताला तोड़कर सोना चांदी एवं डायमंड के जेवरात कीमत करीब साढ़े 3 लाख रुपए चोरी कर ले गए।



### सीसीटीवी फूटेज से मिले सुराग

पुलिस को जांच के दौरान सीसीटीवी के फूटेजों के आधार पर आरोपियों का सुराग मिला। इस वारदात को अंजाम देने आरोपी स्कूटी से पहुंचे थे। स्कूटी का आखिरी फूटेज धमतरी में मिला। इसके बाद पुलिस ने इस वारदात के मास्टर माइंड किरन बबन पाटिल निवासी ग्राम छाती कुरुद को पकड़ा। यह आरोपी मूलतः कुमाठे तासगांव थाना कोल्हापुर सांगली पुणे महाराष्ट्र का रहने वाला है, जो पिछले कई माह से अपनी पत्नी के साथ यहां रह रहा था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि इस चोरी के लिए उसने अपने साथी संदीप लक्ष्मण भोसले 36 वर्ष निवासी वस्तु फारेस्ट हाउसिंग सोसाइटी पुणे को बुलाया था। दोनों ने पहले रेकी की। इसके बाद योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया।

# किसान व सामुदायिक भवन का विधायक संदीप साहू ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



विकासखंड के ग्राम पंचायत छेरकापुर में नवनिर्मित किसान भवन लागत 14 लाख व महामाया के पास सामुदायिक भवन लागत 6.50 लाख तथा ग्रामीणों के सहयोग से 8.50 लाख कुल 15 लाख का लोकार्पण किया गया। यह कार्यक्रम विधायक संदीप साहू के मुख्य आतिथ्य एवं जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा की अध्यक्षता तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, जनपद सदस्य दीपक साहू, कांग्रेस महामंत्री गोपी साहू, तहसील साहू समाज पलारी के अध्यक्ष व जिला उपाध्याक्ष मनीष चंद्राकर के विशेष आतिथ्य में किया गया। गांव में पहुंचने पर विधायक संदीप साहू व अतिथियों को सरपंच गणेशशंकर जायसवाल के नेतृत्व में कीर्तन मंडली गाजे–बाजे व आतिशबाजी के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान विधायक गांव में स्थापित दुर्गा पंडालों में पहुंचे और मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। किसान भवन व सामुदायिक महामाया मंदिर में महामाया देवी की पूजा अर्चना कर विधि विधान से पं. द्वारा मंत्रोपचार के साथ लोकार्पण किया गया। भवनों के लोकार्पण पश्चात गांव में आयोजित सभा में विधायक संदीप साहू ने कहा कि नवरात्रि पर महामाया देवी का दर्शन करने का अवसर आप सबके आशीर्वाद से प्राप्त हुआ। गांव के विकास के लिए कोई कमी नहीं होने देंगे। सरपंच और ग्रामवासियों की मांग पर प्राथमिकता के साथ विकास के कार्य किए जाएंगे। आप सबने मुझे जो आशीर्वाद दिया है उसके लिए मैं हमेशा ऋणि रहूंगा। आप सबकी सेवा के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। सभा को खिलेंद्र वर्मा, हितेन्द्र ठाकुर, गोपी साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रोहित साहू, दीपक साहू, सरपंच गणेश शंकर जायसवाल, सचिव दीनदयाल साहू, देवेंद्र साहू, महेश्वर वर्मा, पुनऊ साहू, शिव कुमार साहू, सीताराम साहू, दूलचंद साहू, मंतराम साहू, भारत साहू, घनश्याम साहू, ध्वज बघेल, शिवराम सेन, हेमंत वर्मा, महेश्वर चंद्राकर, खेल कुमार, लहर राम साहू सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# राजस्व अभिलेखों के पुराने रिकॉर्डों का होगा डिजिटलाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ रायपुर जिले की प्रभारी सचिव निहारिका बारीक ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

राजस्व अभिलेखों के पुराने रिकॉर्ड को हमेशा के लिए सुरक्षित करने के लिए अब उनका डिजिटलाइजेशन किया जाएगा। रायपुर जिले की प्रभारी सचिव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सचिव निहारिका बारीक ने मंगलवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में विभाग की समीक्षा बैठक ली, जिसमें उन्होंने राजस्व अभिलेखों के पुराने रिकार्ड को डिजिटलाइजेशन कराने के साथ लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।



### नशा मुक्ति केंद्र में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने दिए निर्देश

प्रभारी सचिव ने बच्चों और युवाओं को नशे की लत से छुटकारा दिलाने नशा मुक्ति केंद्र में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने तथा बेहतर काउंसिलिंग करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर गौरव सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, डीएफओ लोकेश पटेल, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना रोकने आवारा मवेशियों के रंगे जाएंगे सींग

प्रभारी सचिव ने बैठक में जिले के मुख्य मार्गों में होने वाले सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सड़कों पर बैठे आवारा मवेशियों की वजह से होने वाले दुर्घटना को रोकने के लिए पशुधन विभाग को आवारा मवेशियों के सींग में गुणवत्तायुक्त रंग लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे वाहन चालकों को रात के अंधेरे में दूर से ही सड़कों पर बैठे मवेशी नजर आएंगे, जिससे दुर्घटनाएं भी नहीं होंगी। उन्होंने मवेशियों के बैठने के लिए चबूतरा बनाने तथा गांवों में चौपाल लगाकर मवेशियों को सड़क से हटाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।

# महादेव सट्टा एप : 4 आरोपियों के विरुद्ध पूरक चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बहुचर्चित महादेव सट्टा एप्प मामले में जेल में बंद सहदेव सिंह यादव, भारत ज्योति उर्फ भास्कर, विश्वजीत राय चौधरी एवं अतुल सिंह के विरुद्ध मंगलवार को ईओडब्ल्यू ने विशेष न्यायालय में पूरक चालान पेश किया है। ब्यूरो की टीम ने इन चारों को बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड एवं छत्तीसगढ़ राज्य से गिरफ्तार किया था।

ब्यूरो ने चारों आरोपियों के विरुद्ध पूरक चालान पेश किया है। इन सभी के विरुद्ध कई धाराएं लगाई गई हैं। इसके तहत भा.द.वि. की धारा 120बी, 420, 467, 468, 471 एवं 201, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (यथासंशोधित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018) की धारा 7 एवं 7 ए छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 4, 7, 8 एवं 11 एवं सार्वजनिक द्युत अधिनियम, 1867 (यथासंशोधित सार्वजनिक द्यूत (म.प्र. संशोधन) अधिनियम, 1976) की धारा 4क के अंतर्गत विशेष न्यायालय (भ्र.नि.अ.) रायपुर में पूरक अभियोग पत्र आज पेश किया गया है। विदित हो कि ब्यूरो की टीम ने महोदव सट्टा एप्प के कॉल सेंटर्स (ओटीपी सेंटर्स) में छापा मारकर अभियुक्त भारत ज्योति, अतुल सिंह एवं विश्वजीत राय चौधरी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हजारों फर्जी सिम कार्ड, सैकड़ों मोबाइल एवं लैपटॉप जब्त किए थे। इन मोबाइल नंबरों के वाट्सप मुख्य ऑफिस दुबई से संचालित होते थे। अभियुक्तों द्वारा महादेव बुक के एकाउंट ग्रुप के लिए फर्जी कार्पोरेट बैंक एकाउंट की व्यवस्था भी की जाती थी, जिनमें पैनलों से कमाई गई रकम ट्रांसफर कर हवाला के माध्यम से दुबई तक पहुंचाया जाता था।

# दुर्गा देखकर लौट रहे युवक-युवती को बाइक ने मारी ठोकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पिटियाझर दुर्गा चौक के पास दुर्गा देखकर लौट रहे सायकल सवार युवक-युवती को बाइक ने ठोकर मार दिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। वार्ड नंबर 12 लालदाढ़ी पारा महासमुंद निवासी मनीष यादव ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा कृष्णा यादव एवं पड़ोस में रहने वाली सुष्मिता महंती को सोमवार रात्रि में दुर्गा देखने के लिए एक ही सायकल से निकले। दुर्गा देखते हुए रात्रि करीब 9 बजे पिटियाझर दुर्गा चौक के पास पहुचे थे, तभी सामने से आ रही मोटर सायकल सीजी 06 जीएन 2666 के चालक अपने मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से सायकल को ठोकर मार दी, जिससे दोनों सायकल सहित रोड पर गिर गए, सायकल क्षतिग्रस्त हो गया। एक्सीडेंट से कृष्णा यादव के दोनों पैर, पीठ, कमर, दाहिने आंख एवं सुष्मिता महंती के सिर, दाहिने हाथ, पैर में चोटे आई है। कृष्णा यादव का प्राथमिक इलाज पिटियाझर के डॉक्टर द्वारा किया गया एवं सुश्मिता महंती को उसके पिता संजय मंहती द्वारा इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### एम्स की डाक्टर ने जीती जयपुर में गायन स्पर्धा

**रायपुर।** एम्स के सूक्ष्मजीवविज्ञान की सहायक प्रोफेसर, डॉ. माधवी ने वॉयस ऑफ डॉक्टर्स (वीओडी) सीजन 2 में डुएट सिंगिंग प्रतियोगिता जीतकर एक शानदार उपलब्धि हासिल की। यह डॉक्टरों के लिए आयोजित एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की गायन प्रतियोगिता है। जयपुर में आयोजित इस स्पर्धा में पूरे देश से सात हजार डाक्टर शामिल हुए। प्रारंभिक ऑनलाइन राउंड में, उन्होंने छत्तीसगढ़ से सोलो गायन में प्रथम उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।




## पेज 11 के शेष

### 10 और 20 के ...

200 या 500 का नोट थमा देते हैं, ऐसे में ग्राहकों से लेन देन करने में असुविधा हो रही है। ज्यादातर ग्राहक चिल्हर के कारण लौट जाते हैं। छोटे हो या बड़े व्यापारी धंधा नकद का रहता है, ऐसे में 10 और 20 रुपए के नोट चलन में कम होने से धंधा पर असर पड़ रहा है।

### देशी मशाला शराब...

देशी मसाला शराब एवं बिक्री रकम 220 कीमती कुल 3520 को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध पुलिस चौकी करहीबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### शिक्षक के घर...

इसकी जानकारी पुलिस को दी, मगर खबर लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। करीब दो माह पहले भी इसी मोहल्ले में शिक्षक देवेंद्र लहरे के घर चोरी कि नियत से चोर घुस गया था, लेकिन घरवालों के सुझबूझ से चोर चोरी की वारदात में सफल नहीं हो पाए थे। एक अन्य मामले में उनके पड़ोसी नोटरी मजूमदार के घर चोरों ने नकदी पार कर दिया था। वहीं बीते माह में पटवारी प्रकाश बंजारे की चारपहिया वाहन के टायर उनके घर के सामने से चोरों ने निकालकर पार कर दिया था। शुभम के मार्ट समीप निवासी हरीश साहू की नई टाटा माजदा वाहन का दो पहिए चोर निकालकर ले गए। वह एक दिन पहले ही नई टाटा माजदा वाहन खरीदकर लाया था तथा देर रात पूजा पाठ कर सो गए। सुबह देखा तो गाड़ी के पहिए गायब दिखे। उल्लेखनीय है कि यह सभी घटना थाना के एक किमी दायरे में हुई है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोरों के हौसले कितने बुलंद है।

### भाजपा सदस्यों ने...

छत्तीसगढ़ में सही उद्योग नीति नहीं बनी, मगर अब भाजपा सरकार 1 नवंबर को नई उद्योग नीति लागू कर रही है, जिससे छत्तीसगढ़ वासियों को फायदा होगा। स्थानीय बेरोजगार युवकों को काम मिलेगा। सिंगल विंडो के जरिये भी उद्योग विभाग काम कर रहा है। हर क्षेत्र में बेहतर काम किया जा रहा है। मंत्री से भाजपा नेताओं ने बलौदाबाजार अंचल स्थित विभिन्न सीमेंट कंपनियों में स्थानीय बेरोजगार युवकों को रोजगार में प्राथमिकता दिए जाने एवं जिन्होंने कंपनियों में अपनी जमीन दी है उन्हें प्राथमिकता देने की बात कही।

न्या. नायब तहसीलदार बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.)

**// सूचना नोटिस प्रकाशन //**

रा.प्र.क्र.202409321900009 अ/6 (अ)
वर्ष 2023-24 ग्राम दोमुहानी प.ह.नं. 06
रा.नि.मं. गोविन्दबन

2. अनावेदिकागण श्रीमती सुकृता पिता श्यामलाल निवासी ग्राम दोमुहानी तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री अभिलाष कुमार पिता धनीराम वगै. जाति सतनामी साकिन दोमुहानी तहसील बिलाईगढ जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि, शामिलात खाता क्रमांक 126 खसरा नं. 07 कुल रकबा 0.283 हे. भूमि राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। अनावेदकगण घनश्याम, सुकृता पिता श्यामलाल एवं संतराबाई बेवा श्यामलाल जाति सतनामी उक्त खाता में आवेदकगण को लम्बरदार बनाने हेतु आवेदन मय बी-1 खसरा के साथ प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में नियत तिथी दिनांक 11/10/2024 को है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वे स्वतः उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी दिनांक 11/10/2024 तक इस न्यायालय में दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 26/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा सील के साथ ईश्तहार जारी किया गया।

(मुहर) **नायब तहसीलदार बिलाईगढ़**



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्यये त्रयम्बिके गौरी नारायणी नमोस्तुते...


बलौदाबाजार। व्यापारी संघ दुर्गोत्सव समिति, बस स्टैंड कटगी।


महामाया चौक घिरघोल।


बजरंग चौक बांसबिनीरी ।


रामायण चौक सकरी।


खतहीपारा सकरी ।

## खबर संक्षेप

### छपोराडीह में दशहरा महोत्सव 12 को

**बिरकोनी।** ग्राम छपोराडीह (सिरपुर) में आकर्षक आतिशबाजी के साथ दशहरा महोत्सव 12 अक्टूबर शनिवार को मनाया जाएगा। शाम 5 बजे राम लीला मंचन किया जाएगा। रात 8 बजे धार्मिक अनुष्ठान के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। बाद आकर्षक आतिशबाजी के साथ 35 फीट रावण का दहन किया जाएगा। रात्रिकालीन 10 बजे आकर्षक छत्तीसगढ़ लोक सांस्कृतिक संस्था सुर'गा कटघोरा की प्रस्तुति होंगी।

### प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन 30 तक

**महासमुंद।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली से प्राप्त सूचना के अनुसार सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं एवं 11वी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो चुका है। जिसकी अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024 है। जिले के शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत छात्र 9वी एवं 10वी में अध्ययनरत छात्र 11वीं के लिए ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं।

### अमलोर में जनसमस्या निवारण शिविर 14 को

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन सोमवार 14 अक्टूबर को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अमलोर के शासकीय हाईस्कूल में किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और सरकारी योजनाओं की जानकारी उन तक पहुंचाना है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराएं और उनकी शिकायतों का समय पर निवारण सुनिश्चित करें।

### कोकड़ी में गुरु घासीदास गद्दी पूजा कार्यक्रम आज से

**पटेवा।** ग्राम कोकड़ी में 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक 3 दिवसीय संत शिरोमणि गुरु घासीदास गद्दी पूजा संत मिलन पर्व का आयोजन समस्त सतनामी समाज रखा गया है। यहां प्रतिदिन मंगल आरती, सतनाम मंगल भजन, गुरुवाणी गायन, संत समागम, सामाजिक परिचर्चा, संत प्रसादी व्यवस्था इत्यादि कार्यक्रम होंगे। समस्त कार्यक्र म पंडित भाऊ दास मंगेश खैरा संदी द्वारा संपन्न होगी। भजन कीर्तन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को 500-500 रुपए नगद दिए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने श्याम धर भारती, राजकुंसर कुर्रे, खूबचंद भारती, रामाधार चेलक, चित्र कुमार, टारजन बंजारे इत्यादि जुटे हुए हैं।

### 4 ट्रैक्टर एवं जेसीबी लोडर मशीन जब्त



**महासमुंद।** खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर सतत कार्रवाई जारी है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में इसी क्रम में खनिज विभाग द्वारा मंगलवार को ग्राम लाफिनकला में रेत के अवैध परिवहन की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए 04 ट्रैक्टर वाहन जब्त किया गया। इसी तरह ग्राम खट्टी में रेत के अवैध भंडारण एवं परिवहन की शिकायत पर औचक जांच करते हुए जेसीबी लोडर मशीन को जब्त किया गया।

## पर्व : नवरात्रि ऊर्जा, उमंग व भक्ति का लोगों में करती है संचार

# गरबा, डांडिया और सुआ नृत्य में बच्चों के साथ थिरके विधायक साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नवरात्रि के अवसर पर मिनी ग्राउंड में यूथ क्लब द्वारा गरबा, डांडिया एवं सुआ नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मंगलवार को भाटापारा विधायक इन्द्र साव ने भी शिरकत की।

वहीं समिति के सदस्यों अंकित ताम्रकार, प्रखर भोसले, रीता पांडे, शेखर देवांगन, सोनम शर्मा, राखी भोसले एवं शोभा शर्मा आदि ने पुष्प गुच्छ से श्री साव का स्वागत किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक साव ने कहा कि सिमगा नगर में इस प्रकार के आयोजन से नगर भक्तिमय हो जाता है। रास गरबा देवी मां को प्रसन्न करने एवं उनकी उपासना का माध्यम है जो कि पहले गुजरात में हुआ करता था, अब पूरे देश में इस प्रकार की आयोजनों की धूम होती है।

यह हमारी संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। श्री साव ने जन समूह को



नवरात्रि की बधाई देते हुए मां दुर्गा से समस्त क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कहा कि नवरात्र का यह पवित्र पर्व हमारे हिंदू समाज में नई ऊर्जा, उमंग व भक्ति भाव के वातावरण का संचार करता है जिससे हमको सामाजिक व अपने व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक भाव का अनुभव होता है मां दुर्गा की कृपा से सभी प्रफुल्लित रहें एवं सब की मनोकामनाएं पूरी हो। इस उल्लासमय माहौल में विधायक साव सुवा की धुन में युवाओं एवं बच्चियों के साथ खूब थिरके, जिसकी लोगों ने जमकर प्रशंसा की। इस अवसर में जनपद प्रतिनिधि कोमल टंडन, सत्यजीत शेंडे, निज सचिव शेष साहू, रवि कश्यप, मुस्कान सिंह, देवेंद्र कश्यप आदि उपस्थित थे।

### जगराता में बालिकाओं की प्रस्तुति बनी आकर्षण का केंद्र



**भवानीपुर।** नवरात्रि पर ग्राम पंचायत सीसदेवरी में दुर्गा चौक पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस अवसर पर प्रतिदिन जगराता का आयोजन किया जा रहा है। जगराता कार्यक्रम में धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला रजक शामिल होने पर छोटे-छोटे बालिकाओं द्वारा सम्मान में मनमोहक प्रस्तुति दी। रात्रि में माता रानी की भक्ति और भजन से पूरा गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए निर्मला रजक ने कहा कि मां जगदंबा की मूर्ति की पूजा मात्र से ही मां प्रसन्न नहीं होती। मां की पूजा आराधना के साथ-साथ माता बहनों का सम्मान करना भी बहुत जरूरी होता है। इस अवसर पर युवा मोर्चा अध्यक्ष उमेश यदु, यशवंत तिवारी, दिनेश चंद्राकर, खोरबहरा चंद्राकर, विक्की चंद्राकर, प्रमोद साहू, राहुल चंद्राकर, टिकेश्वर यादव, हेमंत साहू, भोज राम चंद्राकार, सन्नी चंद्राकर सहित भाजपा कार्यकर्ता समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## बाना लगाकर मांदर की धुन पर थिरके श्रद्धालु

**मुड़पार-सरसीवा।** नवरात्रि पर अंचल में बाना जुलूस निकालने की प्रथा प्रचलित है। यह प्रथा हमेशा से आदि शक्ति मां भवानी के अनन्य भक्ति भाव को बनाये रखने इस वर्ष भी बाना जुलूस निकाला गया, जिसे देखने भक्तों भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं बाना(सांग) लेने युवा भक्तों में उत्साह देखने को मिला। सोमवार को स्थानीय नगर बिलासपुर में संजय साहू के मार्गदर्शन में भक्तों ने बाना जुलूस निकाला, जिसमें भक्तों की भीड़ रही। पुलिस प्रशासन भी शांति व्यवस्था की दृष्टि से डटी रही। क्वांर नवरात्रि पर माता के भक्तों ने बाना जुलूस निकाला। अंचल के विभिन्न गांवों में बाना जुलूस निकाला जाता है, जिसे देखने श्रद्धालु भक्तों की भीड़ जुटती है। वहीं दर्जनों भक्त सांग धारण करते हैं। सांग धारण किये भक्तों का कहना है कि माता के प्रति श्रद्धा एवं आशीर्वाद से हम सब सांग लेते हैं, जिसके कारण से सांग लेने पर शरीर पर किसी भी प्रकार का प्रतिकूल विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता। थोड़ा दर्द जरूर होता है पर घी एवं नींबू लगाने से दर्द गायब हो जाता है।

■ बाना जुलूस देखने बड़ी संख्या में पहुंचे अंचलवासी

इस कार्यक्रम को देखने क्षेत्र के श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचे। बाना जुलूस में माता के श्रद्धालू भक्तों ने लोहे के बड़े व छोटे रॉड को अपने शरीर के विभिन्न अंग में चुभाकर बाना लगाए हुए थे। भक्तों ने मुंह, जीभ, कान, नाक, गाल, हाथ, पेट एवं पैर में बना लेकर मांदर के थाप नाचते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस जुलूस से सरसीवां सरायपाली मार्ग करीब 4 घंटे के लिए आवागमन बाधित रहा। जाम के करण आने जाने वाले छोटे बडे. वाहनों में बैठे लोग परेशान दिखे। दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतारें लग रही।

## गरबा उत्सव में शामिल हुईं विधायक कविता

**गिधौरी।** आदि शक्ति पूजन पर्व शारदीय नवरात्रि पर नगर टुण्डरा में पहली बार तीन दिवसीय गरबा नृत्य उत्सव का आयोजन युवा संघर्ष मंच नगर टुण्डरा द्वारा किया गया। आयोजन से नगर वासियों का भारी उत्साह देखने को मिला। सभी दर्शकों ने ऐसी आयोजन आगामी वर्षों में भी होते रहने का सुझाव दिये। आयोजन के तृतीय दिवस समापन पर विधायक कविता प्राण लहरे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। उन्होंने गरबा आयोजन को अपने ईष्ट देवों के प्रति आस्था एवं अपने नगर में सौहाद्रता एवं भाईचारे का प्रतीक बताते हुये सफल आयोजन के लिये आयोजकों की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मोती राम साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में विक्रांत साहू सभापति जिला पंचायत बलौदाबाजार के साथ नगर के पार्षद एवं वरिष्ठ जन शामिल रहे। रोज रात 8 से 11 बजे तक अलग-अलग थीम पर गीत संगीत का चयन किया गया था, जिसमें लगभग 100 प्रतिभागी शामिल हुए। अंतिम दिवस समापन पश्चात प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में राजमहंत पीके घृतलहरे, सतीश साहू, सुनील साहू, राजेद्र साहू, घनश्याम बारले, प्रकाश साहू, सुभाष साहू, छोटेलाल देवांगन, दुलीचंद देवांगन, साधूराम देवांगन, झाडूराम बारले, पार्षदगण दिनेश देवांगन, रमाकांत साहू, रविशंकर बंजारे, युगल साहू, खेमचंद रात्रे, दिल साहू, आयोजन समिति से हिमांशु साहू, हेमंत पटेल, देवेन्द्र साहू, जय सोनी, प्रशांत साहू, राहुल केशरवानी, आशीष पटेल, राजेश साहू, मनीष साहू, पुरुषोत्तम साहू, संजय साहू, संदीप साहू, देवेन्द्र साहू, गौरव पटेल, अजय साहू सहित आदि शामिल थे।




## जल जगार महोत्सव में विवेक ने किया जिले का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गंगरेल धमतरी में 5 एवं 6 अक्टूबर को आयोजित जल जगार महोत्सव में बलौदाबाजार जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए दाउ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र विवेक वर्मा ने मोक विधानसभा में भाग लिया। इन्होंने खनन एवं उद्योग मंत्री का पद प्रदान किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्पीकर डॉ. रमन सिंह और उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय



के प्राचार्य डॉ. एआरसी जेम्स, डॉ. सीके चंद्रवंशी, डॉ. एके उपाध्याय, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र देव मिर्झा, महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी।

## मालवाहकों में यात्री परिवहन करने पर की गई कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्रामीण समस्याओं को लेकर मालवाहक में शिकायत करने पहुंचे दो वाहनों पर कलेक्टर के निर्देशन में चालानी कार्रवाई की गई। मंगलवार को जनदर्शन के दौरान कलेक्टोरेट गेट पर दोनों कार्रवाई की गई। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में मालवाहक वाहन क्रमांक सीजी 04 एनए 5971 और सीजी 06 जीवाय 6802 द्वारा यात्रियों को परिवहन किया जाता पाया गया। वाहनों पर 6500 रुपए, 5000 रुपए कुल 11500 रुपए का समझौता शुल्क वसूला गया। कार्रवाई के दौरान डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा, डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार खांडे और जिला परिवहन अधिकारी रामकुमार ध्रुव मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर यात्रियों को यह समझाईश दी कि मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन न करें।

## व्यापारियों का फूड लाइसेंस बना



**खरोरा।** चैम्बर ऑफ कॉमर्स खरोरा इकाई के कार्यालय में सोमवार को स्थानीय व्यापारियों के व्यवसाय का फूड लाइसेंस बनाया गया एवं नवीनीकरण किया गया। फूड इंस्पेक्टर पूनम मांझी ने स्वयं खरोरा चैंबर कार्यालय में व्यापारियों का लाइसेंस बनवाया व नवीनीकरण किया, जिसके लिए चैम्बर के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने व्यापारियों की ओर से श्री मांझी का आभार व्यक्त किया।

## महिलाओं की भूमिका को पहचानने का दिया संदेश

# चित्रकला स्पर्धा के साथ मना अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

अस्तित्व फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा विकासखंड सिमगा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करहुल में एक विशेष चित्रकला प्रतियोगिता के साथ अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। जिसका उद्देश्य युवा दिमागों को सशक्त बनाना और लैंगिक समानता को उजागर करना था। यह कार्यक्रम उत्साह से भरा हुआ था, क्योंकि प्रतियोगिता में लड़कियों और लड़कों दोनों ने भाग लिया। प्रत्येक समूह को अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने के लिए एक अनूठा और सार्थक विषय दिया गया था। कार्यक्रम में विषय था एक ऐसे व्यक्तित्व का चित्रण करना जो वे बनना चाहते हैं या जिनसे प्रेरित हैं। इस संकेत ने लड़कियों को बड़े सपने देखने और अपने




भविष्य की कल्पना करने की अनुमति दी, जिसमें पुलिस अधिकारी और शिक्षकों से लेकर नर्सों और कलाकारों तक की आकांक्षाओं की एक श्रृंखला प्रदर्शित की गई। उनके चित्र केवल रंगीन रेखाचित्र नहीं थे, बल्कि उनकी आशाओं और महत्वाकांक्षाओं के प्रतिबिंब थे, जो उनकी विशाल क्षमता को प्रकट करते थे।

छात्रों ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों की प्रभावशाली महिलाओं को चित्रित करना चुना, जिनमें झांसी की रानी, मदर टेरेसा और सावित्री बाई फुले जैसी ऐतिहासिक शख्सियतों से लेकर स्थानीय नायकों जैसे कि उनकी अपनी मां या शिक्षक शामिल थे।

### महिलाओं के नेतृत्व गुणों की सराहना की

इस गतिविधि का उद्देश्य लड़कों को महिलाओं की ताकत, बुद्धिमत्ता और नेतृत्व गुणों की सराहना करने के लिए प्रोत्साहित करना, महिला रोल मॉडल के लिए सम्मान और प्रशंसा की संस्कृति को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में हेड मास्टर काथले जी एवं शिक्षकगणों ने छात्रों की उनकी रचनात्मकता और दूरदर्शिता के लिए सराहना की। विदित हो कि अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का यह उत्सव न केवल एक मनोरंजक प्रतियोगिता थी, बल्कि लड़कियों को सशक्त बनाने और भविष्य को आकार देने में महिलाओं की भूमिका को पहचानने के महत्व के बारे में एक शक्तिशाली संदेश भी था। इस कार्यक्रम का समन्वय अस्तित्व फाउंडेशन की रीजेनल कोऑर्डिनेटर निकिता जोएल रहा।

